आवश्यक

राजस्थान सरकार
आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय
योजना भवन तिलक मार्ग,जयपुर

क्रमांकः– एफ13/1/3/वे.पो./वीएस/डीईएस/2013/16487-519 दिनांकः 29/4/2015

जिला रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) एवं,
उप/सहायक निदेशक
आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग,
जिला..

विषयः– वेबपोर्टल 'पहचान' में SMS Alert की सुविधा प्रारम्भ होने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत आमजन की सुविधा हेतु वेबपोर्टल 'पहचान' से SMS Alert की सुविधा प्रारम्भ की गई है। SMS Alert का टेक्स्ट केवल नवीन दर्ज जन्म, मृत्यु एवं मृत जन्म के पंजीकरण पर आवेदनकर्ता के मोबाइल नम्बर पर जायेगा। हिन्दी भाषा में दर्ज पंजीकरण पर हिन्दी भाषा में दर्ज SMS जायेगा एवं अग्रेंजी या दोनों भाषाओं में दर्ज पंजीकरण पर अग्रेंजी भाषा में SMS जायेगा। SMS केवल उन्हीं आवेदनकर्ता को जायेगा, जिसका मोबाइल नम्बर आवेदन के साथ 'पहचान' वेबपोर्टल पर दर्ज किया जावेगा।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि जिले के समस्त अतिरिक्त जिला रजिस्ट्रार/रजिस्ट्रार/उपरजिस्ट्रार को उक्त सुविधा हेतु सूचित करें कि आवेदनकर्ता जन्म/मृत्यु/मृत जन्म पंजीकरण के समय मोबाइल नम्बर अवश्य उपलब्ध करवाये, जिससे SMS, Alert सुविधा का लाभ आमजन को प्राप्त हो सके।

भवदीय,

(ओम प्रकाश बैरवा)
मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) एवं
निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव

Scanned by CamScanner